पत्रांक–BSEB(SS)/KEN/25 / 2026.-636

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**प्रेषक,**

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

**सेवा में,**

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक : 12 / 06 / 2026

**विषयः माह जुलाई, 2026 में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए त्रैमासिक परीक्षा आयोजित करने के संबंध में।**

**प्रसंगः शिक्षा विभाग के ज्ञापांक 09 / विविध–34 / 2023–864, दिनांक 03.12.2024 एवं पत्रांक 09 / विविध–34 / 2023–670, दिनांक 08.05.2026**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय पत्रों के अनुसार राज्य के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए माह जुलाई, 2026 में त्रैमासिक परीक्षा आयोजित किए जाने का निर्णय संसूचित है। त्रैमासिक परीक्षा +2 विद्यालय / महाविद्यालय के स्तर पर संचालित होगी। कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए माह जुलाई, 2026 की त्रैमासिक परीक्षा दिनांक 01.07.2026 से 08.07.2026 तक आयोजित होगी। परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् हैः–

## Programme

## Intermediate Quarterly Examination (Theory), 2026

**Month – July, 2026** (For Class XII)

| Date of Examination | Faculty | 1st Sitting (09.30 AM to 12.45 PM) (" Cool off" Time 9.30 AM to 09.45 AM) | | Faculty | 2nd Sitting (02.00 PM to 05.15PM) (" Cool off" Time 02.00 PM to 02.15 PM) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01-07-2026 (Wednesday) | I.Sc | 117- Physics | | I.Sc | 118- Chemistry | |
| | I.Com. | 218- Entrepreneurship | | I.Com. | 220- Accountancy | |
| | I.A. | 320- Philosophy | | I.A. | 322- Political Science | |
| 02-07-2026 (Thursday) | I.Sc | 121- Mathematics | | I.Sc. | 119- Biology | |
| | I.A. | 327- Mathematics | | I.Com. | 217- Business Studies | |
| | | | | I.A. | 323- Geography | |
| 03-07-2026 (Friday) | I.Sc | 105- English | उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा इस भाषा विषय का चयन **अनिवार्य विषय समूह** के अन्तर्गत किया गया है। | I.Sc. | 106-Hindi | उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा इस भाषा विषय का चयन **अनिवार्य विषय समूह** के अन्तर्गत किया गया है। |
| | I.Com | 205- English | | I.Com | 206-Hindi | |
| | I.A. | 305- English | | I.A. | 306-Hindi | |
| 04-07-2026 (Saturday) | I.Sc | 107- Urdu, 108- Maithili, 109- Sanskrit, 110- Prakrit, 111- Magahi, 112- Bhojpuri, 113- Arabic, 114- Persian, 115- Pali, 116- Bangla | उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा इन भाषा विषयों में से किसी एक विषय का चयन **अनिवार्य विषय समूह** के अन्तर्गत किया गया है। | I.A. | 324- Psychology | |
| | I.Com | 207- Urdu, 208- Maithili, 209- Sanskrit, 210- Prakrit, 211- Magahi, 212- Bhojpuri, 213- Arabic, 214- Persian, 215- Pali, 216- Bangla | | | | |
| | I.A. | 307- Urdu, 308- Maithili, 309- Sanskrit, 310- Prakrit, 311- Magahi, 312- Bhojpuri, 313- Arabic, 314- Persian, 315- Pali, 316- Bangla | | | | |
| 06-07-2026 (Monday) | I.Sc | 120- Agriculture | | I.A. | 325- Sociology | |
| | I.Com | 219-Economics | | | | |
| | I.A. | 326- Economics | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 07-07-2026 (Tuesday) | I.A. | 321- History | I.A. | 318- Music |
| 08-07-2026 (Wednesday) | I.A. | 319- Home Science | XXX | |

**2.(i)** त्रैमासिक परीक्षा के अन्तर्गत सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा आयोजन हेतु गोपनीय एजेंसी द्वारा दिनांक **22.06.2026 से 27.06.2026** तक की अवधि में गोपनीय प्रश्न–पत्र प्राप्त कराया जाना संभावित है। इसलिए यह आवश्यक है कि गोपनीय मुद्रक के प्रतिनिधि द्वारा आपूरित प्रश्न–पत्र निर्धारित व्यवस्था के अनुसार प्राप्त कराकर एजेंसी प्रतिनिधि को प्राप्ति रसीद दे दिया जाए तथा गोपनीय प्रश्न–पत्रों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**(ii)** आपूरित गोपनीय सामग्री को परीक्षा प्रारंभ की तिथि के पूर्व अपने जिलान्तर्गत सभी मान्यता प्राप्त +2 स्तर के शिक्षण संस्थानों के प्रधान अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक कार्रवाई ससमय कराना सुनिश्चित कराएँगे। साथ ही शिक्षण संस्थान के प्रधान/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अपने स्तर से स्पष्ट निदेश देंगे कि किसी भी परिस्थिति में इसकी गोपनीयता भंग न हो पाए। गोपनीय सामग्रियों के सुरक्षित संधारण की सम्पूर्ण जवाबदेही शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

**(iii)** शिक्षण संस्थान के प्रधान का यह दायित्व होगा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी से **परीक्षा प्रारंभ की तिथि से पूर्व** अचूक रूप से स्वयं अथवा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रश्न–पत्र प्राप्त करेंगे तथा त्रैमासिक परीक्षा से संबंधित सूचना +2 विद्यालय/महाविद्यालय के सूचनापट्ट एवं वर्ग शिक्षक के माध्यम से भी अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

**3.** सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने शिक्षण संस्थान से त्रैमासिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों की त्रैमासिक परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम निम्नांकित प्रारूप में दिनांक **11.07.2026** तक अनिवार्य रूप से तैयार करना/कराना सुनिश्चित करेंगे।

**12वीं के माह जुलाई, 2026 की त्रैमासिक परीक्षा, 2026 का प्राप्तांक प्रविष्टि प्रारूप –**

**+2 School/College code:-**

**+2 School/College Name:-**

| Roll No | Class | Student's Name<br>Mother's Name<br>Father's Name | M/F | Compulsory Subjects | | | | Elective Subjects | | | | | | | | | Aggregate & Result | Result |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Marks Obtained | | | | Marks Obtained | | | | | | | | | | |
| | | | | Subject-1 | Marks | Subject-2 | Marks | Subject-1 | Theory | Marks | Subject-2 | Theory | Marks | Subject -3 | Theory | Marks | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

**4.** वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है अपने जिला अवस्थित शिक्षण संस्थानों के प्रधान की बैठक (अथवा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से) आहूत कर उन्हें त्रैमासिक परीक्षा आयोजित करने तथा परीक्षा परिणाम दिनांक **11.07.2026** तक तैयार करने के संबंध में निदेशित करेंगे। त्रैमासिक परीक्षा के आयोजन के समय किसी शिक्षण संस्थान की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो तथा परीक्षा के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी किसी निकट के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से निलम्बित/रद्द वाले महाविद्यालय/+2 विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर त्रैमासिक परीक्षा में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

**विश्वासभाजन**

12.6.26

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक :– BSEB(SS)/KEN/25/2026...636..........  पटना, दिनांक :– ....12../..06../2026

प्रतिलिपिः 1. उप निदेशक, आई०टी०/सिस्टम एनालिस्ट (उ०मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अपने निगरानी एवं पर्यवेक्षण में उक्त के आलोक में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए। यह भी अनुरोध है कि विद्यार्थियों, मान्यता प्राप्त +2 विद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा०शि०), जिला शिक्षा पदाधिकारी की जानकारी हेतु इस पत्र की प्रति समिति के वेबसाइट एवं BSEB Mobile App पर अपलोड कर दिया जाए ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर इस निमित आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

उनसे यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार इसकी सूचना राज्य के सभी +2 विद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना +2 विद्यालयों के प्रधान एवं सबंधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाएगी। यह सूचना सोशल मिडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए।

2. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, निदेशक, आई०टी० तथा परीक्षा नियंत्रक (मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

12.6.26

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

12.06.2026